A

# SAMAGRA SHIKSHA, KERALA
## SECOND TERM EVALUATION 2022-2023

1009

Third Language

## HINDI

**STD. X**

**Time :90 Minutes**

**Maximum Score : 40**

---

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

---

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

1. इन पंक्तियों में किस हालत का चित्रण है? 1

(क) संपन्नता की

(ख) गरीबी की

(ग) महामारी की

(घ) लड़ाई की

2. 'चूल्हे का रोना और चक्की का उदास होना' - का मतलब क्या है? 2

3. खेती नहीं तो खाना नहीं। खेती ही जीवन का आधार है। खेती के महत्व का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें।

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा!

4. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) ये + के = इसको　　(ख) यह + के = इसको

(ग) यह + को = इसको　　(घ) ये + को = इसको

5. 'ज़िद करना' का मतलब है : 1

(क) हठ करना　　(ख) प्रशंसा करना

(ग) बहस करना　　(घ) हवाला करना

6. इस प्रसंग के आधार पर चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच की बातचीत लिखें। 4

अथवा

इस प्रसंग के आधार पर चार्ली की माँ की डायरी लिखें।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आई। गंगी से बोला- "यह कैसा पानी है? मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाए देती है!"

7. सही विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

जोखू को पीने के लिए गंगी पानी .....................।

(क) देता है।　　(ख) देते हैं।

(ग) देती है।　　(घ) देती हूँ।

8. जोखू क्यों परेशान है? 2

9. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल (बाँस की एक प्रजाति) से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ।

10. फूलदेई का त्यौहार कब मनाया जाता है? 1

11. फूलों से भरी टोकरियों को रात भर कहाँ रखा जाता है? 1

12. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(खुशी से, देर शाम तक)




13. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई का त्यौहार धूम-धाम से मनाया गया। संकेतों की सहायता से इससे संबंधित एक रपट तैयार करें। 4

- बसंत का त्यौहार
- फूलों से देहरियाँ सजाना
- सामूहिक भोजन
- विभिन्न कार्यक्रम

अथवा

सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| बच्चे देर शाम तक | बसंत में आता है। |
| बच्चों की टोलियाँ | फूल चुनते हैं। |
| फूलदेई का त्यौहार | बच्चे देहरियाँ सजाते हैं। |
| चुने गए फूलों से | गाँव भर घूमती हैं। |

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' कहानी का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार... दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

14. दर्शकों ने माँ से हाथ मिलाकर किसकी प्रशंसा की? 1

15. 'उसने जन्म ले लिया था' -इसका क्या मतलब है? 2

16. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार। इस संबंध में चार्ली अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह पत्र कल्पना करके लिखें। 4

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।

> गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा– हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं?

17. 'विद्रोही दिल' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

18. कहानी के आधार पर **सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

- ☐ रिवाज़ी पाबंदियों के विरुद्ध गंगी में विद्रोह की भावना है।
- ☐ गंगी ऊँच-नीच के भेद-भाव को पसंद करती है।
- ☐ गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने जाती है।
- ☐ गाँव के सभी लोग ठाकुर के कुएँ से पानी नहीं ले सकते थे।
- ☐ जोखू को गंदा पानी पीने से गंगी मना करती है।
- ☐ गंगी ठाकुर के यहाँ से पानी लेकर आती है।